डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26

ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अखबार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 184 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 17 अप्रेल 2024 | मूल्य 2 रुपया

बिहारी युवक ने फांसी लगाई, मौत

नीमच, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नीमच सिटी थाना क्षेत्र के भाटखेड़ा के समीप धीरेंद्र सोया फैक्ट्री में काम करने वाले युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक बिहार का रहने वाला था।

जानकारी के अनुसार मृतक का नाम अनरजीत कुमार पिता महेन्द्रजादा उम्र 19 वर्ष निवासी शहीदपुर था। अनरजीत वर्तमान में धीरेंद्र सोया फैक्ट्री भाटखेड़ा में रहकर मजदूरी का काम करता था। मंगलवार सुबह युवक ने अज्ञात कारण के चलते अपने ही कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक ने आज काम से भी छुट्टी ले रखी थी और वह कमरे पर ही रुका हुआ था। घटना की सूचना मिलते ही सिटी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतार कर बड़े अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृतक के शव के परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

श्री राम नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

*** बधाईकर्ता ***
अनिल टांक
नरसिंहपुरा
मंदसौर (म.प्र.)

प्रयोग: 9वीं और 11वीं में क्रेडिट सिस्टम

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। कॉलेजों की तर्ज पर अब स्कूलों में भी नेशनल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अंतर्गत क्रेडिट सिस्टम से पढ़ाई की तैयारी की जा रही है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस सिस्टम को पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शैक्षणिक सत्र 2024-25 से छठी, 9वीं और 11वीं कक्षा में लागू करने की तैयारी की है। सीबीएसई ने इस सिस्टम का हिस्सा बनने के लिए स्कूलों को आमंत्रित किया है। इस संबंध में बोर्ड की ओर से सीबीएसई से संबद्ध सभी स्कूल प्रमुखों को दिशा-निर्देशों की जानकारी भेजी गई है। इस सिस्टम के तहत 9वीं में साल भर में 210 घंटे की पढ़ाई करने पर छात्रों को 40-54 क्रेडिट अंक मिलेंगे। यह क्रेडिट सभी विषयों में परीक्षा पास करने पर ही मिलेंगे। इसके लिए साल भर में एक कक्षा में 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य होगी। पहले फेज के सफल होने के बाद में सभी कक्षाओं में क्रेडिट सिस्टम लागू करने पर विचार किया जाएगा।

कॉलेज की तर्ज पर नया सिस्टम

9वीं में पांच विषयों में पास होना जरूरी...

स्कीम के अनुसार नौवीं के विद्यार्थियों को 5 विषयों (दो लैंग्वेज और 3 मुख्य विषयों में पास होना अनिवार्य है। इसमें प्रत्येक विषय के लिए 210 घंटे प्रति विषय के लिए अलॉट किए गए हैं। इस तरह से 1050 घंटे पांच विषयों के लिए अलॉट किए गए हैं। इसके अलावा 150 घंटे इंटरनल असेसमेंट के लिए निर्धारित किए गए हैं। इसमें हर सब्जेक्ट के लिए 7-7 क्रेडिट होंगे। यह प्रमुख पांच विषय होंगे। इस तरह से अन्य विषयों को शामिल करने के बाद यह 40-54 क्रेडिट का होगा। इधर, 11वीं में छात्र 40-47 क्रेडिट अर्जित कर सकेंगे। पायलट प्रोजेक्ट के बाद में अन्य कक्षाओं को भी क्रेडिट सिस्टम में लाया जाएगा।

स्कूल स्तर पर असेसमेंट, प्रतिवर्ष 40-40 क्रेडिट...

सीबीएसई की नई व्यवस्था के तहत छठी, नौवीं और 11वीं में असेसमेंट स्कूल स्तर पर होगा। उसमें छात्र प्रति वर्ष 40-40 क्रेडिट अर्जित कर सकेंगे। इसके लिए यह अनिवार्य किया गया है कि छात्र की उपस्थिति कम से कम 75 फीसदी होनी चाहिए। इसके लिए हर विषय का कॅरिकुलम घंटों के हिसाब से निर्धारित किया गया है। इसके लिए छात्र की अपार आईडी में भी सेव किया जाएगा।

छठी में लैंग्वेज के 3-3 क्रेडिट दिए जाएंगे...

पायलट फेज में छठी में फर्स्ट, सेकंड और थर्ड लैंग्वेज के 3-3 क्रेडिट होंगे। इसके अलावा मैथ्स के 5, साइंस और सोशल साइंस के 7-7 क्रेडिट होंगे। आर्ट और फिजिकल एजुकेशन के 3.5-3.5 क्रेडिट होंगे और वोकेशनल एजुकेशन के 5 क्रेडिट होंगे। इस तरह से सभी विषयों के 40 क्रेडिट होंगे।

डोडाचूरा की शंका में तेज रफ्तार कार का पीछा कर रही थी पुलिस...

बाइक व कार को टक्कर मारने के बाद डिवाइडर कुदाया, एक पकड़ाया, दूसरा फरार

पिपलिया मंडी, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। एक तेज रफ्तार कार ने पिपलिया मंडी चौपाटी पर एक कार व बाइक को टक्कर मार दी, मादक पदार्थ होने की आशंका में इस कार का पुलिस फिल्मी अंदाज में पीछा कर रही थी। कार में 2 युवक सवार थे, जो पिपलिया मंडी अंग्रेजी शराब दुकान के सामने सर्विस रोड़ पर कार को खड़ा कर भागे। जिनका पीछा कर पुलिस ने एक युवक को पकड़ लिया। जबकि, एक भाग निकला।

जानकारी के अनुसार मंगलवार शाम करीब सवा छह बजे नारायणगढ़की ओर से एक सफेद रंग की गुजरात पासिंग नम्बर की क्रेटा कार तेज रफ्तार से निकली। इसके पीछे नारायणगढ़पुलिस के दो वाहन थे। कार के ड्राइवर ने पिपलिया चौपाटी पर एक कार व बाइक को टक्कर मारी और मंदसौर की ओर भागा। लेकिन, आगे थाने के सामने पिपलिया पुलिस की नाकाबंदी होने के कारण उसने कार को डिवाइडर से कूदाकर पुन: नीमच की ओर टर्न ले लिया। लेकिन, सर्विस रोड पर फिर आगे से पुलिस का वाहन दिखा तो कार में सवार दोनों व्यक्ति उतरकर भागे, इसमें एक युवक को पुलिस ने पकड लिया, वहीं दूसरापकड़ में नही आया। देर शाम तक पुलिस उसे आस-पास के खेतों व खदानों में तलाशती रही।

दरअसल संदिग्ध कार का नारायणगढ़ पुलिस पीछा कर रही थी, वहीं कार का पीछा कर पकड़ने के लिए पिपलिया मंडी पुलिस ने भी नाकाबंदी कर दी थी, इस बीच एसडीओपी नरेन्द्र सोलंकी भी यहां पहुंच गए। जानकार सूत्रों के अनुसार कार में बेग पड़े हुए थे, जिनकी तलाशी के दौरान डोडाचूरा बरामद हुआ है। सूत्रो की माने ताक कार से करीब डेढ़ क्विंटल छिलका मिला है। हालांकि, पुलिस बुधवार को खुलासा करेगी।

इनका कहना...

पुलिस ने संदिग्ध कार का पीछा किया। पुलिस की नाकाबंदी को देख कार में सवार दो आरोपी भाग निकले थे, इसमें से एक आरोपी को पकड लिया है। जबकि एक फरार आरोपी को तलाश रहे है। कार में मादक पदार्थ बरामद हुआ है, पुलिस जांच कर रही है।

नरेन्द्र सौलंकी
एसडीओपी मल्हारगढ़

निजी भूमि को विवादित बताकर अवैध वसूली करने वाला गिरफ्तार

ऑडियों रिकार्ड कर पुलिस में की शिकायत, जांच के बाद कार्रवाई

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। निजी भूमि को विवादित बताकर कथित रूप से हिन्दू संगठन की आड़ में अवैध वसूली करने वाले पर पुलिस ने कार्रवाही करते हुए गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी भूमि स्वामियों को धमकाकर प्लाट या नगद राशि की मांग कर रहा था। लेकिन, भूमि स्वामी ने ऑडियों को रिकार्ड कर पुलिस में शिकायत की। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

नाहरगढ़ थाना पुलिस ने बताया कि इब्राहिम खां पिता छोटे खां उम्र 54 साल निवासी सीतामऊ ने पुलिस को बताया कि बीते साल 2023 मे मैने अपने पार्टनर जाफरअली बोहरा निवासी सीतामऊ के साथ मिलकर सूरत वाले शकील अहमद से ग्राम संजीत मोजा मे सर्वे क्र. 93 एवं 94 में क्रमश: 0.39 हेक्टयर व 0.08 हेक्टेयर कुल 0.47 हेक्टेयर भूमि खरीदी थी। लेकिन उक्त भूमि को संजीत निवासी इन्दरमल पिता रोडमल तेली द्वारा विवादित व ..... शेष पेज 4 पर

श्री राम नवमी पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

*** बधाईकर्ता ***
गोपाल पड़ियार
नरसिंहपुरा मंदसौर

पंकज पड़ियार
नरसिंहपुरा मंदसौर

विचार-मंथन

जासूसी साफ्टवेयर के जरिए फोन में सेंधमारी...

अब एक बार फिर जासूसी का जिन्न बोतल से बाहर निकल आया लगता है। दुनिया के सबसे सुरक्षित मोबाइल फोन और कंप्यूटर बनाने का दावा करने वाली कंपनी एप्पल ने अपने उत्पाद का उपयोग करने वालों को संदेश भेजा है कि उनके फोन में पेगासस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी की जा सकती है, इसलिए सावधान रहें। यह संदेश उसने मेल के जरिए भारत सहित इक्यानबे देशों के लोगों को भेजा है। करीब छह महीने पहले भी उसने भारत के कुछ लोगों को चेतावनी भेजी थी कि उनका फोन पेगासस के निशाने पर हो सकता है। उनमें ज्यादातर लोग विपक्षी दलों के नेता थे, इसलिए इसे लेकर काफी हंगामा हुआ था। मगर सरकार के दबाव में तब एप्पल ने अपनी उस चेतावनी को बहुत धुंधला कर दिया था। इस बार उसने बहुत गंभीरता और भरोसे के साथ अपने ग्राहकों को चेतावनी दी है कि आपके फोन को 'मर्सीनरी स्पाईवेयर' के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। हालांकि उसने उन लोगों के नाम उजागर नहीं किए हैं, जिनके फोन में इस जासूसी साफ्टवेयर के जरिए सेंधमारी के तथ्य उसे हाथ लगे हैं। मगर कंपनी ने माना है कि इस तरह के हमले दुनिया भर हो रहे हैं। अंदाजा लगाया जा सकता है कि जब एप्पल के अत्यंत सुरक्षित माने जाने वाले फोन में सेंधमारी की जा रही है, तो बाकी एंड्रायड से चलने वाले फोनों की सुरक्षा का क्या हाल होगा। चूंकि एप्पल का सारा कारोबार इसी विश्वास पर टिका हुआ है कि उसके फोन और कंप्यूटर में कोई सेंधमारी नहीं कर सकता, उसके लिए भी यह बड़ी चुनौती बन चुका है। एप्पल ने माना है कि यह घुसपैठ किसी सामान्य साइबर सेंधमार के वश की बात नहीं है, क्योंकि जिस साफ्टवेयर के जरिए यह हमला किया जा रहा है, उस पर लाखों डालर का खर्च आता है और उसे लेना सबके बूते की बात नहीं। एप्पल इस साफ्टवेयर से पार पाने का कोई इंतजाम कर पाएगी या नहीं, यह तो वक्त बताएगा, मगर दुनिया की तमाम सरकारें अब फिर से लोगों की निजता में सेंध लगाने को लेकर निशाने पर आ जाएंगी। करीब तीन साल पहले भारत में जब पेगासस के इस्तेमाल की बात सामने आई थी, तब खासा बवाल मचा था। सर्वोच्च न्यायालय में कई अपीलें दायर की गई थीं। यह साफ्टवेयर इजराइल की सरकार बेचती है और उसका कहना है कि वह इसे किसी स्वतंत्र व्यक्ति या कंपनी को नहीं बेचती, बल्कि सरकारों को देती है। इसलिए भी यह मामला ज्यादा गंभीर बन गया था। साइबर सेंधमारी से लेकर डीपफेक आदि पहले ही भारत जैसे देश में एक गंभीर समस्या के रूप में सामने है, जिससे पार पाना सरकार के लिए बड़ी चुनौती है। ऐसे में अगर पेगासस जैसे साफ्टवेयर के जरिए जासूसी और सेंधमारी का मामला सिद्ध होता है, तो यह ज्यादा गंभीर बात होगी। यह साफ्टवेयर दरअसल एक प्रकार का गुप्त भेदिया है, जो ग्राहक की नजरों से ओझल रह कर उसके फोन के जरिए उसकी हर गतिविधि पर नजर रखता है। इस साफ्टवेयर को चुपके से किसी के भी फोन में डाला जा सकता है और फिर उस फोन के कैमरे, माइक वगैरह को अपने ढंग से संचालित किया जा सकता है। एप्पल के दावों को दरकिनार करना मुश्किल है। इस तरह सेंधमारी हो रही है, तो यह लोगों की निजता पर बड़ा आघात है। इस पर सरकार को गंभीरता से पहल करनी चाहिए।

पश्चिमी यूपी में 'नल' के पानी से 'कमल' की सिंचाई

अनिल सिंह

पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जाट नेता जयंत चौधरी ने कहा है कि उनका चुनाव चिन्ह नल है और नल से पानी निकलेगा तो उससे कमल की सिंचाई होगी। सांकेतिक रूप से वो यह कहना चाह रहे हैं कि रालोद और भाजपा गठबंधन से पश्चिमी यूपी में उनकी जीत को कोई रोक नहीं सकता। जयंत चौधरी का ऐसा कहना कितना सही साबित होगा यह तो 4 जून को पता चलेगा लेकिन पश्चिमी यूपी में फिलहाल भाजपा के लिए समीकरण उलझते हुए दिख रहे हैं। अपनी पुख्ता तैयारियों, जबर्दस्त रैलियों के बावजूद इस बार पश्चिमी यूपी में भाजपा के लिए हालात 2019 से ज्यादा मुश्किल हैं। भाजपा को पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन ने सबसे ज्यादा झटका इसी क्षेत्र में दिया था। पिछली बार दोनों गठबंधनों में सीधा मुकाबला था, लेकिन इस बार कई सीटों पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। ऐसे में यह अनुमान लगाना कि ऊंट किस करवट बैठेगा, मुश्किल हो गया है। दरअसल, 2019 में पश्चिमी यूपी के सहारनपुर, मेरठ एवं मुरादाबाद मंडल की 14 सीटों में 6 पर भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था, जबकि ब्रज क्षेत्र की आगरा, अलीगढ़ और बरेली मंडल की 13 सीटों में केवल मैनपुरी में हारी थी। सपा-बसपा-रालोद का गठबंधन नहीं होने के बावजूद भाजपा को पश्चिमी यूपी में जूझना पड़ रहा है तो उसका सीधा कारण शीर्ष नेतृत्व का अति आत्मविश्वास तथा जाट वोटरों पर सर्वाधिक विश्वास दिखाना है। पश्चिमी यूपी में 2022 के विधानसभा चुनाव की तरह एक बार फिर जाट बनाम अन्य का समीकरण प्रभावी हो गया है। पश्चिम यूपी के मेरठ, सहारनपुर तथा मुरादाबाद मंडल के मुजफ्फरनगर, कैराना, गौतमबुद्धनगर, मेरठ, बुलंदशहर सीट पर स्थानीय सांसदों का जबर्दस्त विरोध हो रहा था। जनता से दूरी, जातीय एवं थानों की राजनीति के चलते मतदाता अपने सांसदों से असंतुष्ट था। मुजफ्फरनगर, गौतमबुद्धनगर एवं कैराना में नाराजगी सबसे ज्यादा थी। भाजपा समर्थक वोटर मानकर चल रहे थे कि इन सीटों पर प्रत्याशियों को बदला जायेगा, लेकिन भाजपा नेतृत्व ने मेरठ छोड़कर सभी सीटों पर पुराने चेहरों को ही रिपीट कर दिया। मतदाताओं के एक बड़े वर्ग में इससे असंतोष है। हालांकि, भाजपा मानकर चल रही है कि नाराज मतदाताओं के पास विकल्प नहीं है। मतदान के दिन नाराजगी के बावजूद नरेंद्र मोदी के नाम पर भगवा खेमे में लौट आयेंगे। भाजपा की यह सोच कुछ हद तक सही भी है, क्योंकि नरेंद्र मोदी को लेकर जनता में कोई नाराजगी नहीं है और विपक्ष भी कमजोर नजर आ रहा है। परंतु, इस बार भाजपा की यह सोच उल्टी पड़ सकती है। कोर वोटर अपने स्थानीय सांसदों से इतना नाराज है कि वह भाजपा का विरोध कर रहा है। भाजपा का आईटी सेल इस विरोध को कुछ लोगों की साजिश बताकर डैमेज कंट्रोल करने का भरसक प्रयास कर रहा है। आईटी सेल दूसरे दलों को वोट देने वाले अपने वोटरों को देशद्रोही साबित कर भावनात्मक घेरेबंदी भी कर रहा है, लेकिन जमीन पर इसका असर उल्टा दिख रहा है। पश्चिमी यूपी में केवल क्षत्रिय ही नहीं बल्कि त्यागी, शाक्य, कश्यप, सैनी, पाल और प्रजापति वोटर भी अलग-अलग सीटों पर अलग-अलग कारणों से भाजपा से नाराज हैं। सबसे ज्यादा विरोध मुजफ्फरनगर में संजीव बालियान तथा कैराना में प्रदीप चौधरी का है। पश्चिमी यूपी में तमाम जातियां प्रभावी संख्या में हैं, लेकिन भाजपा ने जाटलैंड का नैरेटिव बना दिया है। यह नैरेटिव इस बार भाजपा को नुकसान पहुंचा सकता है। 2022 में किसान आंदोलन के समय भी नैरेटिव बना था कि जाटों की नाराजगी भाजपा को भारी पड़ेगी। जाटों की नाराजगी और रालोद-सपा गठबंधन के बावजूद भाजपा ने पश्चिमी यूपी में शानदार प्रदर्शन किया था तो उसका सीधा कारण था कि जाट रालोद-सपा के साथ था, वहीं क्षत्रिय, ब्राह्मण, सैनी, कश्यप, शाक्य, पाल, त्यागी, प्रजापति जैसी तमाम जातियां भाजपा के साथ खड़ी थीं। पश्चिमी यूपी में त्यागी, पाल, सैनी, कश्यप, प्रजापति, ब्राह्मण, गुर्जर भी अच्छी संख्या में हैं। गुर्जर और ब्राह्मणों में कोई नाराजगी नहीं है, लेकिन अन्य जातियों को प्रतिनिधित्व ना मिलने से उदासीनता है। दूसरे दलों ने जिन सीटों पर इन जातियों के उम्मीदवार उतारे हैं, इनका उस दल की तरफ झुकाव दिख रहा है। पश्चिमी यूपी में दलित एवं मुसलमान बड़ा फैक्टर है। जाटव पूरी तरह बसपा के साथ है तो मुसलमान इंडिया गठबंधन के साथ, लेकिन बसपा ने कई सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर इंडिया गठबंधन की, वहीं क्षत्रिय एवं त्यागी प्रत्याशी उतारकर भाजपा की मुश्किल बढ़ा दी है। बसपा ने सहारनपुर में इंडिया गठबंधन के इमरान मसूद के खिलाफ माजिद अली को उतारकर मामला फंसा दिया है। भाजपा से राघव लखनपाल उम्मीदवार हैं। मुस्लिम वोट बंटे तो भाजपा को फायदा होगा और क्षत्रिय वोट बंटा तो कांग्रेस को। इसी तरह बसपा ने नोएडा में पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सोलंकी, गाजियाबाद से नंदकिशोर पुंडीर तथा मेरठ से देवव्रत त्यागी को उतारकर भाजपा की मुश्किल बढ़ा दी है। मुरादाबाद, रामपुर, संभल और अमरोहा में मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर बसपा ने सपा के सामने मुस्लिम वोटों के बंटवारे को रोकने की चुनौती पैदा कर दी है। बसपा ने मुजफ्फरनगर में दारा सिंह प्रजापति को उम्मीदवार बनाकर भाजपा के वोटों में सेंधमारी की है। इस सीट पर क्षत्रियों के अलावा अन्य जातियां भी संजीव बालियान से नाराज हैं। भाजपा को केवल जाटों पर ज्यादा भरोसा दिखाना, भारी पड़ रहा है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी जाट हैं, इसके बावजूद भाजपा ने जाटलैंड के नैरेटिव को मजबूत करने के लिये रालोद से गठबंधन किया। भूपेंद्र चौधरी ने जाटलैंड के नैरेटिव को बनाये रखने के लिये अपना पूरा फोकस मुजफ्फरनगर सीट पर लगा दिया है। नाराज लोगों से मीटिंग कर रहे हैं, लेकिन यह कितना असरकारी होगा।

नीति न निष्ठा, राजनीति में सब कुछ 'सत्ता'

राज कुमार सिंह

चुनावी मुकाबलों में खेल भावना आदर्श स्थिति हो सकती है, पर राजनीति का खेल बन जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। बेशक देश-काल-परिस्थितियों के मुताबिक नेता का मन बदल सकता है, पर उसके संकेत तो मन-वाणी-कर्म से पहले ही मिलने शुरू हो जाने चाहिएं। अगर अचानक मन बदलता है, तो नेता की नीयत पर सवाल उठेंगे ही। कांग्रेस के बेहद तेज-तर्रार प्रवक्ताओं में शुमार गौरव वल्लभ पिछले कुछ दिन नजर नहीं आए, पर पार्टी की नीति और मुद्दों से उनकी असहमति भी कभी नहीं दिखी। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों से लेकर अडानी समूह पर आरोपों तक हर मुद्दे पर गौरव वल्लभ मुखर आलोचक रहे, पर अब अचानक कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। तर्क दिया कि वह सनातन के विरुद्ध नारे नहीं लगा सकते और वैल्थ क्रिएटर यानी संपत्ति सृजक को गाली नहीं दे सकते। सनातन के विरुद्ध नारे लगाने को किसने कहा यह गौरव वल्लभ ने नहीं बताया। कभी 5 ट्रिलियन में लगने वाले जीरो पूछ कर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा की बोलती बंद करने वाले गौरव, अब उनके साथ जुगलबंदी करेंगे। बिहार मूल के महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेता संजय निरुपम की नाराजगी कुछ दिनों से मुखर हो रही थी क्योंकि मुंबई की जिस लोकसभा सीट से चुनाव लड़ना चाहते हैं, वह महा विकास अघाड़ी में सीट बंटवारे में उद्धव ठाकरे की शिवसेना के पास है। उद्धव और उनकी पार्टी के विरुद्ध निरुपम लगातार बयानबाजी भी कर रहे थे। वैसे निरुपम को पत्रकारिता से राजनीति में उद्धव के पिता बाला साहेब ठाकरे ही लाए थे। संजय तब शिवसेना के मुखपत्र सामना के हिंदी संस्करण के संपादक होते थे, जब दूसरे क्षेत्रों में अपनी पैठ बढ़ाने के मकसद से बाला साहेब ने उन्हें राज्यसभा भेजा। उसके बाद निरुपम राजनीति के माहिर खिलाड़ी बन गए और अंततः कांग्रेस में आ गए। कांग्रेस ने उन्हें लोकसभा चुनाव लड़वाने से ले कर मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष तक बनाया, पर अब जब गठबंधन राजनीति के दबाव में उनकी लोकसभा सीट पर संकट आया तो वह कांग्रेस को दिशाहीन बताते हुए चले गए। कांग्रेस ने निष्कासित करने की बात कही, लेकिन निरुपम का दावा है कि उन्होंने इस्तीफा दिया। मिलिंद देवड़ा की तरह निरुपम भी महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में जा सकते हैं, जिसके हिस्से में महायुति में सीट बंटवारे में मुंबई की वह सीट आ रही है, जिससे वह चुनाव लड़ना चाहते हैं। सबसे दिलचस्प रहा मुक्केबाज विजेंद्र सिंह का दलबदल। ओलंपिक खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले विजेंद्र सिंह हरियाणा पुलिस में डी.एस.पी. रहने के बाद 2019 में कांग्रेस के टिकट पर दक्षिण दिल्ली से लोकसभा चुनाव लड़ कर हार चुके हैं। किसान आंदोलन से लेकर महिला पहलवानों तक के मुद्दे पर वह मुखर रहे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी नजर आए। उनके जाट बहुल मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद हेमा मालिनी के विरुद्ध चुनाव लड़ने की चर्चाएं थीं। जाट समाज के 'एक्स' हैंडल के इस बाबत किए गए एक ट्वीट को हाल ही में विजेंद्र ने रिट्वीट भी किया था। वैसे विजेंद्र ने रिट्वीट तो राहुल गांधी के उस ट्वीट को भी किया था, जिसमें 'प्रोपेगंडा पापा' संबोधन से प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया गया था। रात को उसे रिट्वीट कर सोए विजेंद्र सुबह जाग कर भाजपा में शामिल हो गए। तर्क भी गजब रहा सुबह जगा तो मुझे लगा कि गलत प्लेटफॉर्म पर हूं। सही जगह भाजपा है, इसलिए आ गया। विजेंद्र को नींद से जागने पर महसूस हुआ कि वह गलत प्लेटफॉर्म पर हैं, पर देश के बड़े उद्योगपति और कांग्रेस सांसद भी रह चुके नवीन जिंदल ने तो कांग्रेस छोड़ने का ट्वीट करने के चंद मिनट बाद ही भाजपा में शामिल होने का ट्वीट कर दिया। मानो भाजपा मुख्यालय में प्रवेश करते समय ही कांग्रेस छोड़ने का ट्वीट किया हो। वैसे देश की सबसे धनी महिला सावित्री जिंदल के पुत्र नवीन उस कोयला घोटाले में आरोपी भी रहे हैं, जिसे मनमोहन सिंह सरकार के बड़े भ्रष्टाचार में भाजपा गिनाती रही। अब वही नवीन अपनी पुरानी लोकसभा सीट कुरुक्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी हैं, जो 'इंडिया' गठबंधन में सीट बंटवारे में कांग्रेस के बजाय आप के हिस्से में चली गई।

स्थानीय मुद्दों में मगन पूर्वोत्तर

पूर्वोत्तर राज्यों की कुल 25 लोकसभा सीटों पर चुनावी सरगरमी बढ़ गई है। यहां शुरुआती तीन चरणों में ही मत डाले जाएंगे। सबसे ज्यादा नजर असम पर है, जो 14 सांसदों को लोकसभा भेजता है। इसके बाद मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश से दो-दो सांसद चुने जाते हैं। नगालैंड, मिजोरम और सिक्किम के खाते में महज एक-एक सीट है। असम को छोड़कर यहां के सभी राज्यों में यह खास प्रवृत्ति देखी जाती है कि जिस पार्टी की केंद्र में सरकार रहती है, राज्यों में उसी का दबदबा रहता है। संसदीय चुनावों में यहां के स्थानीय दल राष्ट्रीय पार्टियों को समर्थन देते हैं, बदले में राष्ट्रीय पार्टियों का साथ लेकर वे विधानसभा में सत्तासीन होते हैं। फिलहाल, असम, मणिपुर और त्रिपुरा में भाजपा की सूबाई सरकार है, जबकि नगालैंड और मेघालय में उसके सहयोगी दलों की। मिजोरम में जोरम पीपुल्स मूवमेंट की सरकार है, जो कांग्रेस को समर्थन दे सकती है, तो सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में आम चुनाव के साथ ही विधानसभा के लिए भी वोट डाले जाएंगे। बहरहाल, पूर्वोत्तर के राज्यों में राष्ट्रीय मुद्दे प्रभावी तो हैं, लेकिन उससे ज्यादा स्थानीय मुद्दे मतदाताओं को लुभाते दिख रहे हैं। यहां निर्विवाद रूप से नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) पर ज्यादा चर्चा हो रही है। इसके खिलाफ पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में पहले काफी विरोध-प्रदर्शन हो चुके हैं, लेकिन सच यह भी है कि जो नेता उस समय आंदोलन की अगुवाई करते थे, उनमें से कई अब सत्ताधारी दल के साथ गठजोड़ बना चुके हैं। इतना ही नहीं, टिपरा मोथा जैसी पार्टी खुलकर सीएए के खिलाफ थी, लेकिन अब एनडीए का हिस्सा बन चुकी है। एनडीए की सहयोगी होने के बावजूद असम गण परिषद और नेशनल पीपुल्स पार्टी भी सीएए के खिलाफ मुखर थीं, लेकिन अब कुछ हद तक यह मामला शिथिल पड़ गया है। हालांकि, स्थानीय लोग अब भी मानते हैं, यह कानून स्थानीय जनसांख्यिकीय संतुलन को बिगाड़ सकता है। मणिपुर हिंसा की ताप अब तक महसूस की जा रही है। अनवरत जारी अस्थिरता ने स्थानीय मैइती समुदाय को भी खासा नाराज किया है और वे खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर करने लगे हैं। बाहरी मणिपुर हिंसा से काफी ज्यादा प्रभावित हुआ है। वहां आपूर्ति शृंखला को बहाल करने की चुनौती बनी हुई है। अमन-चैन लाने के साथ-साथ म्यांमार से आते हुए शरणार्थियों का समाधान ढूंढना भी यहां का बड़ा मुद्दा है। उखरुल, तमेंगलोंग जैसे पहाड़ी इलाके भी इस अस्थिरता से प्रभावित हुए हैं। यहां के लोग कुकी समस्या का समाधान भी चाह रहे हैं। इस हिंसा का असर मिजोरम पर भी पड़ा है। यहां बेशक एक ही सीट है, लेकिन मिजो नेशनल फ्रंट का मिजाज एनडीए से जुदा दिख रहा है। म्यांमार से मुक्त आवागमन संबंधी व्यवस्था, यानी एफएमआर को खत्म करने का एलान भी चुनाव में छाया हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्री ने अपने संबोधन में स्पष्ट कर दिया था कि म्यांमार से लगी सीमा की बाड़ेबंदी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि भारत और म्यांमार अपनी 1,643 किलोमीटर सीमा साझा करते हैं, दोनों तरफ के लोगों के बीच पारिवारिक रिश्ते को देखते हुए निर्बाध आवागमन की व्यवस्था की गई थी, जिसके तहत शुरू में 40 किलोमीटर तक आने-जाने की व्यवस्था की गई, जिसे 2004 में घटाकर 16 किलोमीटर कर दिया गया। म्यांमार की यह सीमा मिजोरम (510 किलोमीटर) के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश (520 किलोमीटर), नगालैंड (215 किलोमीटर), मणिपुर (398 किलोमीटर) से भी लगती है। अरुणाचल प्रदेश में स्थानीयता बनाम बाहरी जैसे मसले भी चर्चा में हैं। इसी कारण यहां आदिवासी व ईसाई एक-दूसरे के खिलाफ खड़े दिखते हैं। बड़े-बड़े बांधों की भी यहां चर्चा हो रही है, लेकिन ये चुनाव पर शायद ही असरंदाज होंगे।

दावा: संजय बनना चाहते हैं दिल्ली का सीएम बनना इसलिए उनसे केजरीवाल मिलना नहीं चाहते

आज का राशिफल

मेष : [illegible]

वृषभ : [illegible]

मिथुन : [illegible]

कर्क : [illegible]

सिंह : [illegible]

कन्या : [illegible]

तुला : [illegible]

वृश्चिक : [illegible]

धनु : [illegible]

मकर : [illegible]

कुंभ : [illegible]

मीन : [illegible]

सुडोकू पहेली क्रमांक- 5207

	9	6		4			3	
	5	7	8	2				
1			9			5		
		9		1				8
5								2
4				9		6		
		4			3			1
				7	9	2	6	
	2			5		9	8	

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

सुडोकू पहेली क्र. 5206

2	3	5	6	4	7	9	8	1
1	8	9	5	3	2	4	7	6
7	4	6	8	9	1	2	5	3
4	5	1	9	7	8	3	6	2
3	6	8	1	2	5	7	9	4
9	7	2	3	6	4	5	1	8
6	9	7	4	1	3	8	2	5
8	1	3	2	5	9	6	4	7
5	2	4	7	8	6	1	3	9

वर्ग पहेली 5207

संकेत: बाएं से दाएं

1. [illegible] 1911 को जन्म लिया था (6)
6. [illegible] (3)
7. [illegible] (3)
9. [illegible] (6)
11. [illegible] (5)
13. [illegible] (2)
16. भारत की पहली महिला जो विश्वसुंदरी बनी (1996)(5)
19. [illegible] (1)
20. [illegible] (2)
21. [illegible] (2)
22. [illegible] (4)

ऊपर से नीचे

1. [illegible] (5)
2. [illegible] (2)
3. [illegible] (2)
4. [illegible] (3)
5. [illegible] (3)
8. [illegible] (3)
9. [illegible] (4)
10. [illegible] (2)
12. [illegible] (3)
14. [illegible] (4)
15. [illegible] (3)
17. [illegible] (3)
18. [illegible] (2)

वर्ग पहेली 5206 का हल

कांग्रेस प्रत्याशी गुर्जर ने संजीत ब्लॉक में किया जनसंपर्क

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। लोकसभा के कांग्रेस उम्मीदवार एवं पूर्व विधायक श्री दिलीपसिंह गुर्जर ने मंगलवार को मल्हारगढ विधानसभा के संजीत ब्लॉक में सघन जनसंपर्क किया। कांग्रेस प्रत्याशी श्री गुर्जर ने संजीत ब्लॉक के मुंदेडी, सिंदपन, ढाबला चैपाटी, रणायरा, बिल्लोद, खेडा, खूंटी, खात्याखेडी, राती तलाई, टिडवास, सुदवास, संजीत, गरनाई, बांसखेडी, मगराना, रतन पिपलिया, जोधा पिपलिया, नापाखेडा, टकरावद, चिल्लोद पिपलिया, बूढा, बादपुर, दोबडा, तुरकिया आदी ग्रामो में जनसंपर्क करते हुये आमजन से आर्शिवाद लिया। इस दौरान उनके साथ विधानसभा प्रत्याशी श्री परशुराम सिसोदिया, जिला पंचायत सदस्य श्री भोपालसिंह सोलंकी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष श्री ईश्वरलाल धाकड, जिला कांग्रेस अजा विभाग अध्यक्ष श्री संदीप सलोद, कांग्रेस नेता श्री विजेश मालेचा, श्री सुरेश खजरानिया, आदीवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष श्री रमेश सिंगार, जिला

पंचायत सदस्य श्री जगदीश धनगर फौजी, कांग्रेस नेता श्री प्रकाश राठौर, जनपद सदस्य श्री श्याम चावली सहित कई कांग्रेस नेतागण उनके साथ थे।

श्री गुर्जर ने ग्राम बिल्लोद में चैपाल बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से ही गरिब एवं मध्यमवर्गीय लोगो का साथ दिया है। डॉ मनमोहनसिंहजी की सरकार के समय देश की बडी आबादी गरिबी रेखा से बाहर आयी है लेकिन आज देश में आम नागरिक महंगाई की मार के चलते फिर से गरिबी की दलदल में फंस रहे है। श्री गुर्जर ने कहा कि अगर राहुलजी गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार केन्द्र में बनती है तो हम राजस्थान में पूर्व की गेहलोत सरकार की तर्ज पर प्रत्येक व्यक्ति को 25 लाख के मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध करवायेगे। उन्होनें पुन: सीपीएस पध्दति से अफीम खेती का मामला उठाते हुये कहा कि इससे किसानो का शोषण हो रहा है। उनके अवैध वसुली जारी है। अगर आपका आर्शिवाद मुझे मिलता है तो मै सीपीएस पध्दति को समाप्त करवारूंगा। किसानो को नये दस आरी के अफीम पट्टे दिलवाये जायेगे। इस दौरान चैपाल बैठको को मल्हारगढ विधानसभा प्रत्याशी रहे श्री परशुराम सिसोदिया, कांग्रेस नेता श्री विजेश मालेचा, जिला पंचायत सदस्यगण श्री भोपालसिंह सोलंकी, श्री जगदीश धनगर फोजी आदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष श्री अर्जुन गुर्जर, मंडलम अध्यक्ष श्री समरथ गुर्जर, बूढा मंडलम अध्यक्ष श्री सत्यनाराण पाटीदार, तुरकिया मंडलम अध्यक्ष श्री विरेन्द्रसिंह बोराना, ढाबला सेक्टर अध्यक्ष श्री किशोरलाल लोहार, श्री जगदीश गरासिया, श्री दशरथ गरासिया, श्री गोपाल चंदेल, श्री हरिओम पाटीदार, श्री मुकेश पाटीदार सहित बडी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

हर गांव में हुआ स्वागत, श्री गुर्जर ने कार्यकर्ताओं को माला पहनाई–जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस प्रत्याशी श्री दिलीपसिंह गुर्जर का आत्मीय भाव से कांग्रेसजनो एवं ग्रामवासियो द्वारा स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान विभिन्न ग्रामो मे कार्यकर्ताओ ने श्री गुर्जर का मालाये पहनाये, जिसके प्रतिउत्तर में श्री गुर्जर ने कार्यकर्ताओ को भी मालाये पहनाकर उनके कंधे पर हाथ रख आत्मीयता का परिचय दिया। ढोल एवं पटाखो के साथ कांग्रेसजनो ने श्री गुर्जर की अगवानी करते हुये उन्हें विजय दिलाने का विश्वास दिलाया।

कार्यकर्ता मिलन समारोह कल

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस का कार्यकर्ता मिलन समारोह एवं सहभोज दिनांक 18 अप्रैल 2024, गुरुवार को दोपहर 02 बजे से फन एंड रोजेस गार्डन, होमगार्ड कार्यालय के पास गांधी नगर मंदसौर पर आयोजित किया जा रहा है। जिसमे लोकसभा उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर, लोकसभा प्रभारी सुश्री मीनाक्षी जी नटराजन, श्री नरेन्द्र जी नाहटा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जी जैन, पूर्व विधायक श्री नवकृष्ण जी पाटिल, श्रीमती पुष्पा जी भारतीय, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री प्रकाश जी रातडिया सहित वरिष्ठनेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने शहर ब्लॉक के सभी पदाधिकारीगण, मंडलम एवं सेक्टर अध्यक्षगण, सभी बी एल ए साथीगण, सभी वर्तमान एवं पूर्व पार्षदगण, सभी पार्षद प्रत्याशीगण, सभी बूथ अभिकर्तागण, मोर्चा संगठन, विभाग एवं प्रकोष्ठ के पदाधिकारीगण, सभी मन्दसौर शहर के कांग्रेस कार्यकर्तागण से अनुरोध किया है कि आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी कर अपनी सहभागिता करें।

आकोदड़ा माताजी मंदिर में नवरात्रि पर 12 वर्षों से युवा ग्रुप दे रहा है सेवा

करजू, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। जय मातादी युवा ग्रुप द्वारा नि:शुल्क सेवा का प्रकल्प 12 वर्षों सें आकोदडा माताजी में पुरा हो रहा है। चेत्र नवरात्रि में भागवत कथा में माता रानी के दरबार में विशेष मेला भी आयोजित किया जाता है। प्रतिवर्ष नवरात्रि में जय मातादी युवा ग्रुप के सदस्यों द्वारा दी जा रही निस्वार्थ सेवाएं प्रेरणा का केन्द्र बनी हुई है।

कालका माता महारानी की कृपा से लगने वाले विशाल मेले में हजारों लकवा ग्रस्त एवं असाध्य रोगों से ग्रसित रोगी भी आते है। यह चमत्कार है कि माता रानी के दर्शन मात्र से ही ठीक हो जाते है। मेले में युवाओं द्वारा नि:शुल्क सेवा कार्य किया जाता है जो कि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। यहां पर मरीजों को लाना, ले जाना एवं उनके चाय नाश्ते व भोजन की व्यवस्था करने का दायित्व भी युवा ग्रुप का रहता है। हजारों मरीजों को प्रतिदिन मंदिर तक लाया जाता है उन्हें दर्शन कराया जाता है। यह सारी व्यवस्था युवा ग्रुप द्वारा निस्वार्थ भाव से नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है। ग्रुप के सक्रिय सदस्य दिनेश पाटीदार, अशोक पाटीदार, ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि ग्रुप के सदस्य सुबह जल्दी मंदिर पहुंचकर वहां आने वाले मरीजों के लिये चाय-नाश्ता की व्यवस्था के साथ-साथ स्वच्छता का भी पूरा ध्यान रखते है। ऐसी मान्यता है कि माताजी के प्रताप से नवरात्रि के दिनों में दूर दराज से आये सभी असाध्य रोगी 9 दिन में ठीक होकर जाते है। सुनील पाटीदार, समरथ पाटीदार, प्रेमप्रकाश पाटीदार, पुष्कर विश्वकर्मा, पूर्व सरपंच गोपाल धनगर, मुकेश पाटीदार, विरेन्द्र पाटीदार, हरीश सेन, शुभम भट्ट, शांतिलाल पाटीदार, शांतिलाल धनगर, रामप्रसाद भूत, आत्माराम पाटीदार, नरेन्द्र शर्मा ने बताया कि माता रानी का यह स्थान 11 लाख दीपदान के कारण इस क्षेत्र में प्रसिद्धि लिये हुए है। 9 दिनों तक दोनों समय निशुल्क भण्डारा चलता है। यहां हर वर्ष नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाये जाते हैं। माता रानी को चुनर पहनाई जाती है। यहां जय माता दी ग्रुप द्वारा नि:शुल्क जल सेवा भी दी जाती है। यह सभी सेवा के प्रकल्प माता रानी के आशीर्वाद से विगत 12 वर्षों सें अनवरत चल रहे है। उक्त जानकारी अशोक पाटीदार ने दी।

युवा मतदाता जागरूकता रैली सम्पन्न

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर के प्राचार्य डॉ. एल. एन.शर्मा ने बताया कि महाविद्यालय में मतदान जागरूकता हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब एवं व्यक्तित्व विकास विभाग के संयुक्त तत्वाधान में स्वीप गतिविधि के अंतर्गत युवा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन दिनांक 19 मार्च 2024 को किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शपथ दिलाकर मतदान करने हेतु जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनिल कुमार आर्य ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई कि किस प्रकार हम अपने देश के लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखें व निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान करें। तत्पश्चात डॉ. राजेश सकवार, डॉ. प्रीति श्रीवास्तव, डॉ. गोरा मुवेल के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पी.जी. कॉलेज परिसर से खेल मैदान तक रैली निकालकर उपस्थित युवा मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया। रैली के दौरान डॉ. सन्तोष मालवीय, प्रो. सोहन यादव, प्रो. रोशन सितारा, प्रो. प्रो. शिखा ओझा, प्रो. चीना मिण्डा, प्रो. प्रियंका जैन, कैम्पस एम्बेसडर अर्पित परमार, प्रिया माली एवं विनय शर्मा समेत व्यक्तित्व विभाग के विद्यार्थी एवं एन.एस.एस. स्वयंसेवक उपस्थित रहें।

रामनवमी के दिन सूर्यदेव करेंगे प्रभु श्रीराम का तिलक

नई दिल्ली, 16 अप्रेल। भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के मौके पर सूर्य रामलला का तिलक करें। इसको लेकर अयोध्या में तैयारी शुरू हो गई है। वैज्ञानिकों ने दर्पण के जरिए सूरज की किरण को रघुनाथ के मस्तक पर पहुंचा दिया। यह किरण करीब चार मिनट तक रामलला के ललाट की शोभा बढाएगी। रामनवमी के दिन (17 अप्रैल) दोपहर दोपहर 12 बजे भगवान राम के मस्तक पर तिलक किया जाएगा। जिसका पूर्वाभ्यास प्रयोग पूर्ण रूप से सफल रहा है। वैज्ञानिकों ने कहा कि भगवान रामलला का तिलक भास्कर रामनवमी के मौके पर करेंगे।

पहले यह अनुमान था कि मंदिर के पूर्ण निर्माण के बाद ही प्रयोग सफल हो पाएगा, लेकिन वैज्ञानिकों ने रवि की किरण को भगवान के मस्तक तक पहुंचाने में सफलता हासिल कर ली। राम जन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के सहयोगी गोपाल राव ने बताया कि रामनवमी के दिन 12 बजे भगवान का प्राकट्य होना है। उस समय सूरज की किरण रामलला के मस्तक पर आए इसलिए वैज्ञानिक प्रयत्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति को देखते हुए हमें पूरा विश्वास है कि 17 तारीख को भगवान की मस्तक पर सूर्य तिलक लगेगा। दो से ढाई मिनट तक अच्छे से और करीब 5 मिनट तक फेड रूप में सूर्य तिलक रहेगा।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास का निवेदन–श्रीराम नवमी के पावन पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने विशिष्ट व्यवस्था की है। 16 से 18 अप्रैल तक सभी प्रकार के विशिष्ट पास, दर्शन और आरती की बुकिंग रद्द किया जा चुका है। दर्शन का समय बढाकर 19 घंटे कर दिया गया है, जो मंगला आरती से शुरू होकर रात 11 बजे तक चलेगा। चार बार लगने वाले भोग के लिए सिर्फ पांच-पांच मिनट के लिए पर्दा बंद होगा।

रामलला का सूर्य तिलक कहां देख पाएंगे लाइव?–रामलला का सूर्य तिलक का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर किया जाएगा। इसके अलावा भक्त श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के फेसबुक, यूट्यूब और इंस्टाग्राम हैंडल पर देख सकते हैं।

नारी शक्ति को सम्मान से जीने का अधिकार दिलाया है भाजपा सरकार ने –श्रीमती गुर्जर

मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर भाजपा महिला मोर्चे के विभिन्न मंडलों की बैठके संपन्न

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के निर्देशानुसार मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी सुधीर गुप्ता की नामांकन रैली, रोड शो एंव जनसभा में पधार रहें मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा के कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु महिला मोर्चा लोकसभा प्रभारी एंव नपा अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर एंव महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता के नेतृत्व में महिला मोर्चा द्वारा मंदसौर जिले की गरोठ विधानसभा के मंडल मेलखेडा, भेसोदा, भानपुरा, गरोठ, खडावदा, सुवासरा विधानसभा के मंडल क्यामपुर, सीतामऊग्रामीण के गांव ढिकनिया में, सुवासरा शामगढ, मल्हारगढ विधानसभा के मंडल धुंधडका की उदपुरा में, बुढा मंडल की ढाबला, नारायणगढ नगर परिषद, मल्हारगढ नगर परिषद, पिपलियामंडी नगर परिषद, दलौदा नगरी नगर परिषद, दलौदा, मंदसौर ग्रामीण के करनाखेडी एंव मंदसौर उत्तर एंव

दक्षिण मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोकसभा प्रत्याशी सुधीर जी गुप्ता की 20 अप्रैल को नामांकन फार्म रोड शो सभा में अधिक से अधिक महिला मोर्चा की बहनों को आने का आमंत्रण दिया।

बैठक में मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा लोकसभा प्रभारी एंव नगरपालिका अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर ने कहा की आज भाजपा की केन्द्र और राज्य सरकार में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में महिलाओं का सम्मान बढा है। आज नारी शक्ति के रूप में महिलाएं स्वालंबी होकर पुरूष वर्ग के बराबर देशहित में अपना योगदान दे रही है। बेटी के जन्म से लेकर उसकी पढाई विवाह और आगे चलकर वृद्धास्था में भी हमारी भाजपा सरकार मातृशक्ति की चिंता लगातार करती है। हमें एक जुट होकर एक बार पुन: इस संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता को भारी बहुमत से विजय बनाकर केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पुन: एक बार जनकल्याणकारी सरकार बनाना है। बैठक में स्वागत भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष निर्मला गुप्ता ने दिया। बैठक में महिला मोर्चा की जिला महामंत्री गरोठ विधानसभा चुनाव प्रभारी रेखा मंदलिया, जिला उपाध्यक्ष सीमा धनोतिया, मंदसौर विधानसभा चुनाव प्रभारी बिंदु चंदे, सुनीता गुजरिया, रानू भावसार, जिला मंत्री अनोखबाई पाटीदार, सरिता सेठिया, मल्हारगढ विधानसभा चुनाव प्रभारी अनिता कोठरी, रंजना पंडा, जिला कार्यालय मंत्री निर्मला गर्ग, मंडल अध्यक्ष रविना शर्मा, मीना पंजाबी हेमलता गौड, अंजू वधवा, शिल्पा धनोतिया, भुवनेश्वरी सेठिया, हेमलता रत्नावत, दीपा हरवानी, कुसुम नागर, हंसा सोनी, पपीता पाटीदार, रिंकू गोतम, कांता ग्वाला, किरण मंडोवरा, भावना पमनानी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष मंदसौर एंव नगर प्रभारी नम्रता चावला, सह प्रभारी दीपमाला मकवाना, नगर पंचायत अध्यक्ष कविता यादव, ममता जयसिंह, सविता परिहार, गायत्री पौराणिक, मोर्चा मंडल प्रभारी सह प्रभारी बहने आशा तिवारी, आशा चंदेल, रेखा गुर्जर, अलका चौरडिया, साधना पाटीदार, शानू सोनी, अनिता टोंगिया, योगिता थोरा, भारती राठौर, अनिता बाई, कृष्णा धनोतिया, पार्षद सरोज शर्मा, राजू धाकड मंजू वक्तरिया, मंजू बाई सेठिया, पिंकी रत्नावत, सुधा पाठक, रचना लक्ष्कार, सीमा मोदी, मधु पोरवाल, शांति बाई, टीना सोनी, मीना सोनी, इंदिरा शक्तावत, धुंधडका मंजू बाला रत्नावत, श्यामू बाई, बुढा मंडल गीताबाई, सूरज बाई, फुल बाई, मांनकुंवर जी, निर्मला पाटीदार, पार्षद अनीता माली, सुनीता राठौर, भारती राठौर, पिपलिया मंडी इंदु बाला जैन, चंद्रकला कराडा, बिंदु जोशी, नगरी मंडल महामंत्री सीमा सोनी, अनीता, माया, राधा खोरल, करनाखेडी सरपंच गोमती पाटीदार, आशा बैरागी, गिरजा बेरागी आदि पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता बहिने उपस्थित थी।

उक्त जानकारी भाजपा महिला मोर्चा मंदसौर विधानसभा चुनाव मीडिया प्रभारी आरती दवे ने दी।

कलेक्टर ने ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र वितरीत किए

नीमच, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। लोक सभा निर्वाचन 2024 के तहत कलेक्टर श्री दिनेश जैन ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता गतिविधियां, सभी मतदान केन्द्रों के यूजनेबल की स्थिति, एफएसटी, एसएसटी की कार्यवाही एवं ड्यूटी व्यवस्था, सी-विजिल डाउनलोड करना आदि की समीक्षा की। कलेक्टर श्री जैन ने ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र भी वितरित कर, मतदाता जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से मतदान प्रतिशत को बढाने की बात भी कही।

कलेक्टर श्री जैन ने सभी नगरीय निकायों, जनपदों, ग्राम पंचायतों के माध्यम से मतदान केन्द्रों पर बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही मतदान दलों के कर्मचारियों के लिए भी सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को मतदाता जागरूकता के तहत नैतिक मतदान करने की शपथ दिलाई। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरूप्रसाद एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने ई-मतदाता शपथ प्रमाण पत्र डाउनलोड किये। बैठक में जिला पंचायत सीईओं श्री गुरूप्रसाद, एडीएम श्रीमती लक्ष्मी गामड, संयुक्त कलेक्टर श्री राजेश साह, सुश्री प्रिती संघवी, डिप्टी कलेक्टर सुश्री किरण आंजना, सुश्री मयूरी जोक, श्री चन्द्रसिंह धार्वे, सभी एसडीएम, जनपद सीईओं एवं सीएमओं एवं जिला अधिकारी उपस्थित थे।

गुप्ता ने शामगढ़ मंडल के ग्रामों में जनसंपर्क किया

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। संसदीयं क्षेत्र में 10 वर्षो में विकस के कई कीर्तिमान स्थापित हुए। शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की सौगात मिली, तो 1600 करोड रूपये से अधिक की शामगढ-सुवासरा सिंचाई योजना से किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो रहा है। यहीं नही प्रथम चरण अमृत भारत स्टेशन योजना में शामगढ स्टेशन का आधुनिकीकरण हो रहा है। उक्त बात सांसद सुधीर गुप्ता ने शामगढ मंडल के विभिन्न ग्रमों में जनसंपर्क के दौरान कही।

मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने सुवासरा विधानसभा के शामगढ मंडल के बनी, कुरावन, हरिपुरा, असावती, गोपालपुरा, भटूनी,, चंदवासा, तोलाखेडी, बर्डिया उंच्चा, देवगढ, शंकरिया खेडी, रूपारेल, मुण्डला, बोरखेडीघाटा, परासलीघाटा, मोरडी, मोलाखेडी, हतुनिया, बोरखेडी रेंडका, खेरखेडी, आगर, बरखेडा नायक

में जनसंपर्क एक बार फिर मोदी सरकार बनाने की अपील की। भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा कि हमारा संकल्प ग्रामों के विकास और किसानों की उन्नति है। इसलिए हमारा संकल्प पत्र विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ युवाशक्ति, नारीशक्ति, गरीब और किसान को सशक्त करता है। महिलाओं को उन्नति के लिए हमने कई योजनाएं संचालित की है आगे भी कई योजनाओं में महिलाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। 3 करोड महिलाओं लखपति दीदी योजना से जोडेंगे। किसानों को उन्नति हमारी सरकार की पहली प्राथमिकता है। पीएम सूर्य घर योजना से मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। 70 साल से अधिक उम्र वाले वरिष्ठनागरिकों को अयुष्मान योजना से जोडेंगे। हर घर को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। हर गरीब को पक्का घर देने की योजना जारी रहेगी।

आरोपी समीर को तीन माह तक थाना हाजरी का आदेश

नीमच, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा-5(क,ख) के तहत आरोपी समीर पिता सिद्धीक कुरैशी निवासी एकता कॉलोनी, पुलिस थाना बघाना को तीन माह के लिए सदाचार बनाये रखने के लिए पुलिस थाना बघाना में सप्ताह में एक दिन थाना हाजरी का आदेश जारी किया गया है।

दो आरोपी जिला बदर

नीमच, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। कलेक्टर एवं जिला दण्डा धिकारी श्री दिनेश जैन द्वारा म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम-1990 के तहत दो आरोपियों को तीन-तीन माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। आरोपी अरूण पिता चंद्रशेखर निवासी मनासा थाना मनासा को 3 माह एवं आरोपी सादिक उर्फ सददु पिता कल्लु खां कुरैशी निवासी अंबेडकर कॉलोनी नीमच थाना नीमच केंट को 3 माह की अवधि के लिए जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है। उक्त दोनो आरोपी जिला बदर अवधि में नीमच जिले की राजस्वि सीमा तथा समीपवर्ती मंदसौर, रतलाम, शाजापुर, उज्जैन, देवास एवं आगर-मालवा जिले की राजस्व. सीमा में जिला बदर अवधि में प्रवेश नहीं कर सकेगें।

नव दूर्गा माताजी मंदिर पर हुआ भंडारे का आयोजन

नगरी, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। नगर के नव दूर्गा माताजी मंदिर पर अष्मी पर हवन आयोजित करने के साथ ही कन्या पूजन किया गया। हवन पूर्णाहुति के बाद मंदिर परिसर में भंडारे लगों नगर से बडी संख्या में नागरिकों ने आयोजन में सहभागिता करते हुए माँ दूर्गा की पूजा अर्चना करते हुए सुख समृद्धि की कामना की।

जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता सम्पन्न

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर जिले में खेल के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। यहां एक से बढकर एक खिलाडी है खासकर ताईक्वांडो के खेल में संस्था द्वारा 28 सालों से नि:शुल्क प्रशिक्षण देकर खिलाडियों को निखारा जा रहा है जो काबिले तारीफ है। यह खेल जितना जोखिम भरा है उतना ही स्वयं को सुरक्षा भी प्रदान करता है। जितनी प्रतियोगिताएं मंदसौर जिले में होती है उतनी प्रतियोगिताएं अन्य जिलों में मुझे देखने को नहीं मिली। मार्शल आर्ट की विभिन्न विधाओं में बालिकाएं भी बढ चढकर हिस्सा ले रही है। बालिकाएं आत्म सुरक्षा के साथ साथ इस खेल में जिस प्रकार प्रदर्शन कर रही है वह अनुकरणीय है।

यह बात एडीशनल एसपी श्री गौतम सिंह सोलंकी ने कही। वे एडिफाई स्कूल में जिला स्पोर्ट्स ताइक्वांडो एसोसिएशन मंदसौर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। एएसपी श्री सोलंकी ने कहा कि मंदसौर के बालक एवं बालिकाओं के लिए 28 साल से नि:शुल्क सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग देने के साथ साथ यहां के खिलाडियों ने मंदसौर जिले का नाम नेशनल से लेकर इंटरनेशनल तक रोशन किया है, पूरी संस्था बधाई की पात्र है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शहर थाना प्रभारी श्री पुष्पेंद्रसिंह राठौड ने कहा कि जो प्रतियोगी इस प्रतियोगिता में हार गए है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। असफलता ही सफलता की सीढी होती है। कार्यक्रम में विषेश अतिथि के रूप में जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग के श्री विजेंद्र देवडा, समाजसेवी श्री नाहरू खां मेव, शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय के खेल अधिकारी श्री राजू कुमार, आचार्य राजेंद्र सूरी शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ श्री हेमंत नामदेव, एडिफाई स्कूल के प्राचार्य डॉ श्री आदित्य पाण्डे तथा सीए श्री आशीष जैन भी मंचासीन थे। इस अवसर पर संस्था द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। अतिथियों का स्वागत गगन कुरील, सैयद आफताब आलम, सुनील हीवे ग्वाला, अशोक गेहलोत, कमलेश डोसी, धर्मेन्द्रसिंह रानेरा, एडव्होकेट दीनदयाल भावसार, शाहिद हुसैन, अंकुर त्रिपाठी, राकेश मावर, जावेद खान, पंकज सोलंकी आदि ने किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एमएलबी एकेडमी एवं द्वितीय स्थान पर आईपीएस इंग्लिश स्कूल रहा। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव गगन कुरील ने किया तथा आभार धर्मेन्द्रसिंह रानेरा ने माना।

रामनवमी विशेष–

अयोध्या में होगा राम के श्रीमुख पर सूर्य तिलक
दशरथ घर जन्मे रघुकुल के सितारे
चौत्र शुक्ल नवमी शिशु राम पधारे
अयोध्या में वहीं हुआ मंदिर निर्माण
51 इंच राम विग्रह प्रतिष्ठित हुए प्राण।
सूर्यवंश सूर्य की जन्मोत्सव ललक
4 मिनट धूप करेगी श्रीमुख सूर्य तिलक।

नंदकिशोर राठोर, मंदसौर

प्रत्येक भारतीय के आदर्श श्रीराम...

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। भगवान राम को मर्यादा पुरषोत्तम कहा जाता है क्योंकि उन्होने अपने जीवनकाल में कई कष्ट सहते हुवे भी मर्यादित जीवन जीया। वे करुणा, त्याग और समर्पण की मूर्ति माने जाते हे। उन्हो ने विनम्रता, धैर्य और पराक्रम का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण संसार के सामने प्रस्तुत किया। अधिकांश भारतीय अब भी अपने प्रिय का अभिवादन राम राम कहकर करते हे ऐसा न भी कर सके तो उसकी विदाई राम राम सत्य हे कहकर करते ही हे। श्रीराम प्रत्येक भारतीय के आदर्श हे। गोस्वामी तुलसीदास ने श्रीराम को ईश्वरीय गुणो से युक्त लोकनायक के रूप में प्रस्तुत किया। तुलसीदास जी के इस प्रयास को भारतीय जनमानस ने सराहा, स्वीकृति तथा समर्थन प्रदान किया और रामायण घर घर में रच बस गई एक महान व सांस्कृतिक धरोहर के रूप में। दुनिया की सारी अच्छाई, सारा यश, सारी कीर्ति, सारा त्याग भी मिला लिया जाए तब भी एक राम नही बनाए जा सकते। श्रीराम चाहते तो वनवास के कष्टे को तिलांजलि दे जनमत का सहारा ले अयोध्या पर राज्य कर सकते थे। किंतु उन्होने ऐसा कुछ नही किया यदि वे ऐसा करते तो न वनवास होता, न सीतामाता का हरण होता। श्रीराम ने स्वयं इन कष्टे को गले लगाया। पिता के वचन का पालन, साधुजनो व समाज की रक्षा, दुष्टे के संहार का व्रत लिया। जो समाज सेवा का व्रत लेते हे उन्हे परिवार के हितो का बलिदान करना ही पडता हे। श्रीराम ने लोक कल्याण के महायज्ञ में अपना सम्पूर्ण जीवन होम कर दिया। सुग्रीव को गले लगाने वाले श्रीराम, केवट, निषादराज, शबरी, जटायु को आदर देने वाले ऐसे थे श्रीराम। श्रीराम न जातिवादी थे न वर्णवादी वे तो सदा निर्बल के समर्थक और आतातायी के लिए साक्षात काल थे। उन्होने व्यक्ति के आचरण को देखा उसका वर्ण और जाति नही देखी। ब्राह्मण होते हुवे रावण का वध किया। सत्कर्म में रत रावण के भ्राता विभीषण को लंका का राज्य व मित्र का सम्मान दिया। श्रीराम के काल में वर्ण व्यवस्था का वह रूप नही था जो वर्तमान में हे। श्रीराम ने दूसरा विवाह नही किया जैसा त्यागमय जीवन वाल्मीकि जी के आश्रम में सीता माता ने व्यतीत किया वैसा ही जीवन श्रीराम ने अयोध्या में जिया। सो राजसु यज्ञ किए परंतु उसमे पत्नी के स्थान पर सीतामाता की प्रतिमा रही। आधुनिक संदर्भ में यदि सोचे तो भारत मां की सेवा का व्रत लेने वाले रण बांकुरे क्या अपनी मां, पत्नी, संतान या पिता के साथ न्याय कर पाए ? यदि सीतामाता के परित्याग के कारण श्रीराम अन्यायी है तो में कहता हूं सीमा पर शहीद होने वाला प्रत्येक सैनिक जो अपने पीछे एक बिलखती जवान विधवा, दुधमुंही अबोध संताने, निराश्रय शोक संतप्त माता पिता को छोड जाता हे वह भी अन्यायी हुवा। सीतामाता के परित्याग को व्यापक परिपेक्ष्य में देखे तो श्रीराम के इस महान त्याग का आकलन कर पाएंगे अपनी संकीर्ण सामाजिक बुद्धि से तो कदापि नही। श्रीराम महानायक थे उनके व्यक्तित्व व आचरण से जितनी प्रेरणा ली जाए कम ही हे। भगवान राम को मानने वाला हमारा समाज क्या उनके आदर्शो का पालन कर रहा हे ? क्या भगवान राम का जो चरित्र हे उसका अनुसरण हम कर पा रहे हे ? जब तक अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति की पीड़ा हमारी पीड़ा नही बनेगी तब तक क्या राम राज्य की कल्पना को साकार किया जा सकता हे ? राम अर्थात सबको सुख देने वाले यथानाम तथा गुण थे जैसे हरी अनंत हरि कथा अनंता। श्रीराम के जन्मोत्सव राम नवमी की आप सभी को आत्मीय शुभकामनाएं...



गौरव सोनी, मंदसौर

महाष्ठमी पर समाजसेवी अरूल अरोरा ने महामाया भादवामाता को लगाया महाप्रसादी का भोग

स्टॉल लगाकर दोपहर से देर रात तक चला खिचड़ी वितरण, हजारों भक्तों ने उठाया लाभ

नीमच, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। महाष्ठमी पर्व पर मंगलवार को अलसुबह से लेकर देर रात तक मालवा की वैष्णोदेवी के नाम से प्रसिद्ध महामाया भादवा के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मां भादवा के परम भक्त अरूल अशोक अरोरा गंगानगर द्वारा इस पावन पर्व पर 75 क्विंटल साबूदाना खिचडी वितरण का कार्यक्रम रखा गया। सबसे पहले महामाया भादवा को खिचडी की प्रसाद का भोग लगाया गया और इसके बाद में खिचडी वितरण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। समाजसेवी अशोक अरोरा और उनके सुपुत्र अरूल अरोरा गंगानगर ने भक्तों को अपने हाथों से खिचडी वितरित की। दोपरह से देर रात तक भक्तों को प्रसादी वितरित की गई। साथ ही समाजसेवी श्री अरोरा ने भादवामाता के दिव्य मंदिर निर्माण का जायजा लिया। छत स्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है। अब नक्कासी और अन्य कार्य शुरू होंगे। इस अवसर पर एसडीएम डॉ. ममता खेडे और मंदिर समिति के प्रबंधक अजय ऐरन से भी चर्चा हुई। पूरे दिनभर एसडीएम श्रीमति खेडे मौजूद रही।

पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

मनासा, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। क्षेत्र के ग्राम देवरान में मंगलवार सुबह एक युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। इससे इलाके में सनसनी फैल गई। दरअसल देवरान निवासी दशरथ पाटीदार उम्र 35 वर्ष का शव उसके खेत में ही पेड़ पर लटका मिला। जब परिजन खेत पर पहुंचे तो युवक को पेड़ पर लटका देख हैरान हो गए।वहीं घटना की जानकारी रामपुरा थाना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए रामपुरा के सरकारी अस्पताल भेजा। जहां परिजनों की मौजूदगी में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। वहीं मामले में रामपुरा थाना प्रभारी विकास पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग का मामला प्रतीत हो रहा है। युवक ने खेत पर आत्महत्या की थी। उसके शव को रामपुरा अस्पताल भेजा है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को 4 वर्ष की सजा व जुर्माना

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। विशेष न्यायधीश (एन.डी.पी.एस. एक्ट) मंदसौर द्वारा आरोपी नोरतमल उर्फमोकम गुर्जर, उम्र 32 वर्ष, निवासी गुर्जरो का वास जोधपुर रोड, ग्राम बर, जिला-पाली (राजस्थान) को अवैध रूप से गांजा तस्कर करने के आरोप का दोषी पाकर 04 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 25,000 रूपये जुर्माने से दंडित किया गया।

अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 06.10.2016 को पुलिस थाना वाय.डी.नगर के सहायक उपनिरीक्षक सुभाष गिरी को मुखबिर सूचना प्राप्त होने पर सूचना की तस्दीक हेतु मय फोर्स के साथ भूनियाखेडी तिराहा, महु-नीमच रोड मंदसौर पहुंचे तथा नाकेबंदी की कुछ देर बाद मंदसौर शहर की ओर से एक बिना नंबर की मारूति ओमनी वैन आती दिखी जिसे पास आने पर रोका गया मुखबिर सूचना अनुसार चालक की सीट पर लाल टी-शर्ट पहने बडी दाढी वाला व्यक्ति दिखा एवं उसके साईड में एक और व्यक्ति बैठा दिखाई दिया था। पुछताछ करने पर वाहन चालक ने अपना नाम गोपाल एवं उसके पास बैठे व्यक्ति ने अपना नाम नोरतमल बताया, तत्पश्चात उनके वाहन की तलाशी ली गई जिसमें प्लास्टिक की एक बोरी मिली जिसे खोलकर देखने पर उसके अंदर हरे सूखे मटमेले रंग के पत्ते मिले जिसे सूंघकर, जलाकर देखा तो उसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया। आरोपी का उक्त कृत्य धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत दण्डनीय होने से मौके पर अवैध मादक पदार्थ जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया। इस प्रकार मौके की संपूर्ण कार्यवाही पश्चात थाने पर वापसी उपरांत आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। थाना वाय.डी.नगर पुलिस द्वारा प्रकरण में संपूर्ण अनुसंधान उपरांत न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन विषेष लोक अभियोजक श्री दीपक जमरा द्वारा किया गया।

हाफ मर्डर मामले में फरार पांच हजार का ईनामी गिरफ्तार

नाहरगढ़, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। हाफ मर्डर अर्थात हत्या के प्रयास में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गऐ आरोपी पर पांच हजार रूपऐ का ईनाम भी घोषित था।

पुलिस ने बताया कि 25 फरवरी को को फरियादी मुरली पिता रामकिशन जाति बाछडा उम्र 45 साल निवासी ग्राम कोलवा ने थाना नाहरगढ पर रिपोर्ट किया कि 24- 25 फरवरी 2024 को रात्रि करीब 09.30 बजे मै, मेरा बडा भाई मदन के घर के बाहर खडा था। मेरा भाई मदनलाल भी उसके घर के बाहर उसके लडके आर्यन से मोबाईल पर बात कर रहा था कि तभी वहां पर हमारा पडोसी अजय पिता सुन्दरलाल जाति बाछडा निवासी ग्राम कोलवा ने अपने पडोसी मदन को जान से मारने की नियत से सिर पर हमला कर दिया। तब पुलिस ने मामले में आरोपी अजय बांछड़ा पर हाफ मर्डर की धाराओ में प्रकरण दर्ज किया था। तभी से पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस ने आरोपी को कोलवा, निरधारी, जौधा पिपलिया, ढोढर जिला रतलाम में तलाश किया। लेकिन, वह अपने ससुराल बिहार के कटिहार भाग गया था।

उक्त हत्या के प्रयास के आरोपी अजय बाछडा पर गिरफ्तारी के लिये पुलिस कप्तान ने 5000 रुपये के नगद इनाम की घोषणा की थी। पुलिस उसकी तलाश कर रहीं थी। इसी दौरान प्राप्त मुखबीर सूचना पर आरोपी अजय पिता सुन्दरलाल बांछडा उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम कोलवा, थाना नाहरगढ को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त हथियार को जप्त कर लिया गया।

सताने लगी गरमी, 19 से फिर बदलेगा मौसम

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मंगलवार से गरमी फिर सताने लगी। गुरुवार तक यही स्थिति रहेगी। 19 अप्रैल से फिर मौसम बदलेगा। इधर गरमी के कारण तापमान में 3 से 4 डिग्री तक का उछाल आ सकता है। इसके बाद एक और पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की सम्भावना है। इससे 19 अप्रैल को बादल छाए रहेंगे। मंगलवार को दिनभर तेज धूप रही, शाम को हल्के बादल छाए। अधिकतम तापमान 37 डिग्री व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना रहा। मौसम विभाग, भोपाल के वैज्ञानिक प्रमेंद्र कुमार ने बताया कि 16, 17 और 18 अप्रैल को प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। दिन के टेम्प्रेचर में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी हो सकती है। वहीं, रातें भी गर्म रहेंगी। 19 अप्रैल से फिर आंधी-बारिश का दौर शुरू हो सकता है। उन्होंने कहा कि 18 अप्रैल को उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो रहा है। इसका असर 19 अप्रैल से देखने को मिल सकता है। एक-दो दिन में स्पष्टहोगा कि यह सिस्टम कितना स्ट्रॉन्ग रहेगा।

सीबीएसई: 15 मई तक आ सकता है रिजल्ट

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। सीबीएसई 12वीं के परिणामों का इंतजार जल्द ही खत्म हो सकता है। बोर्ड 15 मई तक 12वीं का रिजल्ट जारी कर सकता है।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं की परीक्षाएं खत्म हो गई हैं। स्टूडेंटस और अभिभावक लगातार रिजल्ट की तारीखों लेकर सर्चिंग कर रहे हैं। पिछले साल 12 मई को रिजल्ट घोषित किया गया था। इस बार आम चुनाव 2024 के मद्देनजर रिजल्ट घोषित किए जाएंगे। मई माह के दूसरे सप्ताह में सीबीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा का रिजल्ट घोषित किया जा सकता है। क्योंकि, मध्यप्रदेश में होने वाले चार चरणों में से अंतिम चरण का मतदान 7 मई को होगा। इससे पहले 2023 में 12वीं का रिजल्ट 12 मई को जारी हुआ था। 2022 में 17 मई को जारी हुआ था और 2021 की बात करें तो 3 मई को रिजल्ट घोषित हो गया था। बोर्ड ने इस बार चुनाव को ध्यान में रखते हुए भी रिजल्ट जारी करने की तैयारी की है, क्योंकि मध्यप्रदेश में बड़ी संख्या में सरकारी शिक्षकों की भी ड्यूटी चुनाव में लगाई जाती है। फिलहाल मध्यप्रदेश में शिक्षकों को चुनावी प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है। माना जा रहा है कि इस बार 7 मई के बाद कभी भी रिजल्ट घोषित किया जा सकता है। हालांकि रिजल्ट की तारीखों को लेकर आधिकारिक जानकारी नहीं आई है। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 12वीं के परिणाम मई माह में जारी कर सकता है। इसमें साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स तीनों ही स्ट्रीम के परिणाम एक साथ जारी किए जाएंगे। हालांकि, इस बारे में फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

ट्रेक्टर के पहिए के नीचे आने से ड्राइवर की मौत

पिपलियामंडी, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। खेत की ट्रेक्टर से हकाई कर रहे ड्राइवर की पहिए के नीचे आने से मौत हो गई। पुलिस जांच कर रही है। मंगलवार दोपहर ढिकनिया निवासी कारुलाल (27) पिता राजाराम मोगिया गांव के ही नेहरुसिंह पिता धनसिंह के ट्रेक्टर से भेरुलाल के खेत की हकाई कर रहा था। इसी दौरान गिरने से ट्रेक्टर के पहिए के नीचे आ गया। परिजन व ग्रामीण प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आए, यहां उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया।

सात माह से रुके चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के वेतन मामले में...

मानव अधिकार आयोग ने कलेक्टर से जवाब तलब किया

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मंगलवार को प्रदेश के विभिन्न स्थानों के 6 मामलों में संज्ञान लेते हुए सरकार और प्रशासन से जवाब तलब किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें मंदसौर जिले के भानपुरा - गरोठ क्षेत्र विकास खण्ड अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों जिनमें महिलाएं और पुरूष शामिल हैं को विगत सात माह से वेतन भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। सितम्बर 2023 से लंबित वेतन नहीं मिलने से चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को आर्थिक , पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं और कठिनाइयों का सामना करना पड रहा है। पीडित कर्मचारियों द्वारा लोक शिक्षण कार्यालय , संकुल कार्यालय , तहसील कार्यालय आदि पर ज्ञापन निवेदन किया गया पर समाधान नहीं हो पाया । मंदसौर जिले के आयोग मित्र के माध्यम से मामला मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल अध्यक्ष माननीय श्री मनोहर ममतानी एवं सम्मानित सदस्य श्री राजीव कुमार टंडन के ध्यान में लाया गया और माननीय अध्यक्ष जी ने गंभीरता को देखते हुए मंदसौर जिला कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव से कार्यवाही प्रतिवेदन का तीन सप्ताह में जवाब मांगा है। शासन के आवंटन के अभाव में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के रुके वेतन की जांच कराकर जानकारी मांगी है।

निजी भूमि को विवादित बताकर... पेज 1 से जारी

शासकीय बता कर मुझे व जाफर अली से पिछले कई दिनों से अवैध रुप से पैसा या प्लाट की मांग कर रहा था और हमें उलझाने की धमकी दे रहा था। फरियादी ने बातचीत का ऑडियों रिकार्ड कर लिया था, जिस पर पुलिस ने कार्वाही करते हुए आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। इसी प्रकार शरद कुमार पिता मिश्रीलाल जी जैन निवासी संजीत ने थाना नाहरगढ थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें इब्राहिम पिता छोटे खां के साथ इंदरमल की बातचीत के दौरान अपशब्द कहे। आरोपी ने कलेक्टर के खिलाफ भी ऑडियों में अपशब्दों का प्रयोग किया। पुलिस ने शरद जैन की रिर्पोट पर भी प्रकरण दर्ज करते हुए आरोपी इंदरमल उर्फ मामा पिता रोडमल राठौर निवासी संजीत को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आदतन अपराधी के रिकार्ड के मद्देनजर जिलाबदर कार्रवाही भी की जा रहीं है।

आरोग्य स्थल श्री दिवाक माता मंदिर पर आज होगा वाड़ी विसर्जन

मंदसौर, 16 अप्रैल गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर नगर के रामटेकरी नरसिंहपुरा पाल पर स्थित अति प्राचीन श्री दिवाक माता मंदिर पर नवदिवसीय नवरात्रि महोत्सव चल रहा है नवरात्रि महोत्सव के तहत प्रतिदिन सुबह-शाम विशेष महा आरती और अष्मी को दोपहर में भी आरती हुई और हवन पूर्णाहुति हुई और आज 17 अप्रैल बुधवार को वाडी विसर्जन के साथ नवरात्रि महोत्सव का समापन होगा। मंदिर पर प्रति रविवार ओर नवरात्रि में माता रानी की चौकी लगती हैं जहां पर पंडित प्रहलाद शुक्ला माता रानी के रूप में भक्तों को आशीर्वाद देते हैं। नवरात्रि में

विशेष पूजन अर्चन, हवन पंडित दशरथ भाई जी के सानिध्य में संपन्न हुआ।

श्री दिवाक माता मंदिर आरोग्य तीर्थ के रूप में धीरे-धीरे स्थापित हो चुका है नवरात्रि में यहां पर काफी श्रद्धालु आते हैं विशेष कर बीमारी से पीडित मरीज भी यहां आते हैं जिनकी बीमारियों का हरण यहां पर माता रानी की कृपा से हो जाता है मंदिर में प्रतिदिन सेवा करने वाले सेवाभावी ओमप्रकाश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 30 वर्ष पुराना यह दिवाक माता मंदिर है मंदिर की महिमा अपरंपार है यहां पर दूर दूर से विशेष कर लकवा बीमारी और अन्य बीमारियों के मरीज आते हैं और नौ दिनों में माता रानी की कृपा से काफी मरीज अच्छे होकर यहां से जाते हैं माता रानी के मंदिर परिसर में ही मेहंदीपुर बालाजी का दरबार लगा हुआ है। ठाकुर साहब का भी दरबार है तो अखंड धूनी भी यहां पर चली आ रही है परिसर में ही बावडी है जो भादवा माता की बावडी के नाम से प्रसिद्ध है यहां के जल से अनेक दीन दुखियों को काफी मदद मिली है। परिसर में अभी हाल ही में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर की स्थापना की गई है पूरा परिसर का वातावरण धर्ममय है। मंदिर की स्थापना वैसे 30 वर्ष पूर्व माता रानी के भक्त श्री कृष्ण गोपाल शुक्ला ने की थी उससे पूर्व माता रानी की मूर्ति की उनके निवास पर ही सेवा पूजा होती थी। माता रानी की ज्योत प्रतापगढ के समीप देवगढ के जालौर मगरी से यहां लेकर आए थे वहां पर भी दिवाक माताजी का मंदिर है। आपने बताया कि प्रति रविवार को माताजी के मंदिर में विशेष महा आरती होती हैं। नव दिवसीय नवरात्रि महोत्सव का समापन आज 17 अप्रैल रामनवमी पर्व पर संध्या 4:00 बजे वाडी विसर्जन के साथ होगा। माता रानी के भक्तगण वाडी विसर्जन में उपस्थित होकर माता रानी के दर्शन करे।

राजकुमार गुप्ता, एडव्होकेट

कार्यालय व निवास-207 तिरूपति नगर, होटल सम्राट के सामने पानी की टंकी के पास स्टेशन रोड, मंदसौर (मप्र)-458001Mobile No-98260-58658 E-Mail-rkguptamds@gmail.com

क्रमांक 33/2024 दिनांक 16.04.2024

***** जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को इस जाहिर सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा देवीलाल पिता मोहनलाल, निवासी-ग्राम-बांसाखेडी, तहसील व जिला-मन्दसौर से आवासीय मकान ग्राम-बांसाखेडी, पटवारी हल्का न. 118, तहसील व जिला-मन्दसौर उनके हक और हिस्से का स्वत्व: त्याग विधिवत रजिस्टर्ड, स्वत्व त्याग विलेख ई-पंजीकरण क्र. एमपी249392024ए1453624, दिनांक 08/04/2024 से मेरे पक्षकार सरोदा बाई' पति देवीलाल जी, निवासी ग्राम बांसाखेडी, तहसील व जिला-मन्दसौर के पक्ष में उप पंजी कार्यालय मन्दसौर में करवाया गया है। उक्त मकान की चतुर्सीमा व पैमाईश निम्नानुसार है.- पूर्व में- मोहनलाल का मकान, पश्चिम में-बापुलाल का मकान, उत्तर में-रंगलाल का मकान, दक्षिण में-धतुरिया रोड, पैमाईश रकबा-960 वर्ग फीट या 89.8 वर्ग मीटर।

उक्त सम्पत्ति पर मेरे पक्षकार द्वारा INDIAN SHELTER FINANCE, CORPORATION LIMITED, Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है. यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार बोज आदि उक्त सम्पत्ति पर हो तो इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के आपत्ति प्रस्तुत करे वरना बाद गुजरने, मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी जो सूचित हो।

भवदीय

राजकुमार गुप्ता, एडवोकेट मन्दसौर

***** शुभेच्छु *****

मांगीलाल कराड़िया

नरसिंहपुरा, मंदसौर

कंवरलाल कराड़िया, गोरधन कराड़िया, गणपत कराड़िया, गौरव कराड़िया, कार्तिक कराड़िया नरसिंगपुरा, मंदसौर

कराड़िया मित्र मण्डल, मंदसौर

श्री राम नवमी पर्व की

राम नवमी

हार्दिक शुभकामनाएं

*** बधाईकर्ता ***

सुरेन्द्र कुमावत

(बात्रा)

अध्यक्ष, युवा इंटक मंदसौर

श्री राम नवमी पर्व की

हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई

*** बधाईकर्ता ***

संतोष कुमावत

(बारोदिया) मंदसौर

आनंद कुमावत

(बारोदिया) मंदसौर

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in